# भारतीय भाषा सम्मेलन
# झारखंड

## झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, राँची

### आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग महाविद्यालय, राँची

### विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान

एवं

### भारतीय भाषा समिति

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

*का संयुक्त आयोजन*

## 19 मार्च 2024

कार्यक्रम स्थल

**सभागार, शैक्षणिक खंड,**
**झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, राँची**

**नि:शुल्क पंजीकरण**

**https://forms.gle/ULPTX1PCVqcZMgju7**

## सम्मेलन के विषय में

भारतीय भाषाओं के संवर्धन के लिए कई स्तरों पर अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय भाषा माध्यम से शिक्षा तक हर विद्यार्थी की सुगम पहुँच बन सके, इसके लिए विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल शिक्षा आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल किए जा रहे हैं। भारतीय भाषाओं को युवाओं और जन-जन में आकांक्षी बनाने के लिए इन्हें आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा रोज़गार से जोड़ने का व्यापक कार्य हो रहा है। भारतीय भाषाओं में पाठ्य सामग्री के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि हर विद्यार्थी को उसकी अपनी भाषा में शिक्षा लेने का अवसर मिल सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने भी भारतीय भाषा माध्यम से शिक्षा के लिए कई सार्थक प्रावधानों को प्रस्तुत किया है, जिनके आधार पर अनेक कदम उठाये गये हैं। आवश्यकता है कि इन प्रयासों से हर व्यक्ति अवगत हो सके। उल्लेखनीय है कि हमारे सामाजिक-सांस्कृतिक-आर्थिक प्रगति में भारतीय भाषाओं की प्रभावी भूमिका है, जिससे 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हम जल्द साकार कर पायेंगे। भारतीय भाषाएँ हमारे देश की एकता और एकात्मता की अनूठी वाहक हैं। हमारे देश की भाषाएँ आपस में ऐसे मिली हुई हैं कि उनमें समान शब्दावली, समान वाक्य संरचना, समान ध्वनि व्यवस्था आदि बहुतायत में विद्यमान हैं, और इन सब से एक 'भारतीय भाषा परिवार' का निर्माण होता है। हमारे देश की बहुभाषिक संपदा बहुत ही समृद्ध है जिसकी शक्ति का उपयोग राष्ट्रीय विकास के लिए आवश्यक है। इन सब बिंदुओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़े, हर व्यक्ति भारतीय भाषाओं के संवर्धन में योगदान दे और इनके कारण अपने जीवन को समृद्ध करें, ऐसी भारतीय भाषा पारिस्थितिकी (इकोसिस्टम) बनाने के लिए हर निर्धारित क्षेत्र/राज्य में बड़े स्तर पर एक दिवसीय 'भारतीय भाषा सम्मेलन' उत्सव भाव के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन उस राज्य की भाषाओं पर विशेष रूप से केंद्रित रहेगा। साथ ही, उन भाषाओं के विकास के लिए हो रहे प्रयासों पर भी चर्चा होगी।

## प्रतिभागिता के अवसर

- सत्र परिचर्चा में सहभागिता
- शोध-पत्र प्रस्तुति
- पोस्टर प्रस्तुति
- भाषा गीत लेखन प्रतियोगिता
- भारतीय भाषा प्रदर्शनी

## संभावित प्रतिभागी

भाषा शिक्षक व प्राध्यापक, अन्य विषयों के शिक्षक व प्राध्यापक, शोधार्थी, भाषा संस्थानों के पदाधिकारी, शैक्षिककर्मी एवं कार्यकर्ता, विद्यालयों के प्राचार्य, जनप्रतिनिधि, अभिभावक, लेखक, भाषाओं के लिए कार्य करनेवाले भाषा-प्रेमी, आदि।

# भारतीय भाषा सम्मेलन - झारखंड

## 19 मार्च 2024

**कार्यक्रम स्थल : सभागार, शैक्षणिक, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, राँची**

## कार्यक्रम की रूपरेखा

| समय | सत्र विवरण |
|---|---|
| *09:00 – 10:00* | *पंजीकरण* |
| 10:00 – 10:45 | **सत्र-1: उद्घाटन**<br>- विकसित भारत के निर्माण में भारतीय भाषाओं की भूमिका<br>- सामाजिक-सांस्कृतिक-आर्थिक प्रगति के लिए भारतीय भाषाओं की अनिवार्यता<br>- मातृभाषा में शिक्षा |
| *10:45 – 11:00* | *चाय* |
| 11:00 – 01:00 | **सत्र-2: भारतीय भाषाओं के लिए प्रारंभ हुए विभिन्न प्रयास एवं करणीय कार्य**<br>- प्रमुख प्रयासों का विवरण एवं उन पर विस्तृत चर्चा<br>- भारतीय भाषाओं से संबंधित रोचक तथ्यात्मक सूचनाएं (जनगणना 2011 व अन्य स्रोत)<br>- भारतीय भाषाओं से संबंधित वैचारिक अभिमत<br>- भारतीय भाषाएं सबको जोड़ने का साधन हैं: विविध भाषाओं के मध्य समान शब्द, समान ध्वनि व्यवस्था, समान वाक्य संरचना आदि की सामान्य समझ<br>- सभी भाषाओं में समान शब्दावली की प्रतिशतता बढ़ाना<br>- बहुभाषिकता हमारी शक्ति और उन्नति का प्रतीक<br>- उपरोक्त संदर्भ में करणीय कार्यों की योजना पर चर्चा |
| *01:00 – 02:00* | *भोजन* |
| 02:00 – 03:30 | **सत्र-3: भारतीय भाषा पारिस्थितिकी (ईकोसिस्टम) निर्माण : परिचर्चा / पत्र प्रस्तुति हेतु आवश्यकतानुसार समानांतर सत्र**<br>समानांतर सत्रों में परिचर्चा / पत्र प्रस्तुति के लिए सुझावात्मक थीम:<br>- भारतीय भाषाओं में विभिन्न विषयों के पाठ्यपुस्तक/पठनसामग्री का लेखन<br>- भारतीय भाषा में विषय शिक्षण के लिए विद्यालय शिक्षकों की तैयारी<br>- भारतीय भाषा में विषय शिक्षण के लिए विश्वविद्यालय प्राध्यापकों की तैयारी<br>- भारतीय भाषा पारिस्थितिकी (ईकोसिस्टम) निर्माण के लिए संस्थागत पहल/अपेक्षित कार्य<br>- सोशल मीडिया द्वारा भारतीय भाषाओं से संबंधित प्रयासों को प्रचारित करने की योजना<br>- भारतीय भाषा में शब्दावली निर्माण<br>- भारतीय भाषाएं और प्रौद्योगिकी आदि |
| 03:45 – 05:00 | **सत्र-4: समापन**<br>- विशिष्ट अतिथि उद्बोधन<br>- अपने क्षेत्र/विषय में भारतीय भाषाओं के लिए किए जाने वाले करणीय कार्यों की प्रस्तुति/चर्चा<br>- धन्यवाद ज्ञापन<br>- राष्ट्रगान के साथ समापन |
| *05:00 - 05:30* | *चाय एवं प्रस्थान* |

# भारतीय भाषा सम्मेलन - झारखंड

## 19 मार्च 2024

कार्यक्रम स्थल : **सभागार, शैक्षणिक खंड, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, राँची**

**संरक्षक**

- प्रो. क्षिति भूषण दास, कुलपति, झा. के. वि., राँची
- मा. के. एन. रघुनंदन जी, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, नोएडा, उत्तर प्रदेश
- श्री चमू कृष्ण शास्त्री, अध्यक्ष, भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

**राष्ट्रीय संयोजक**

- डॉ. चंदन श्रीवास्तव, शैक्षिक समन्वयक, भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

**कार्यक्रम समन्वयक**

- प्रो. विमल किशोर, झा. के. वि., राँची

**कार्यक्रम सह-समन्वयक**

- डॉ. रामकेश पांडे, प्रधानाचार्य, आदित्य प्रकाश जालान, टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज , राँची
- डॉ. राम किशोर सिंह, झा. के. वि., राँची

**आयोजन समिति**

- डॉ. सुदर्शन यादव , झा. के. वि., राँची
- डॉ. उपेन्द्र सत्यार्थी, झा. के. वि., राँची
- डॉ. रजनीकांत पांडेय, झा. के. वि., राँची
- डॉ. नितेश भाटिया, झा. के. वि., राँची
- डॉ. विजय कुमार यादव, झा. के. वि., राँची
- डॉ. प्रज्ञा शुक्ला, झा. के. वि., राँची
- डॉ. जगदीश सौरभ, झा. के. वि., राँची

### महत्वपूर्ण तिथि

**पंजीयन प्रारंभ होने की तिथि: 08 मार्च 2024**

**पंजीयन की अंतिम तिथि: 16 मार्च 2024**


### संपर्क विवरण

**1. प्रो. विमल किशोर**
**मो. 9064474226**
**ईमेल:** vimal.kishor@cuj.ac.in

**2. डॉ. रामकेश पांडे**
**मो. 8409033840**
**ईमेल:** drrkpandey9@gmail.com

### कार्यक्रम स्थल पर कैसे पहुँचे (नैविगेशन मैप)

गूगल मैप्स पर देखें




**लैंडमार्क: आई. टी. बी. पी, रिंग रोड, राँची / तिल्ता चौक, राँची**

**बस अड्डा/ रेलवे स्टेशन/ हवाई अड्डा से दूरी:**

**18 कि. मी./22 कि. मी./25 कि. मी.**